## नेशनल लोक अदालत शनिवार को

पत्रिका 8-7-21

रतलाम. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर निगम के संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार में छूट देने हेतु आगामी शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार से अधिक तथा रूपये रूपये एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000 से अधिक तथा रूपये 50,000 तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जलकर प्रकरण जिनमें 50,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50% की छूट देंगे।

पत्रिका 8/7/21

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 को

नईदुनिया

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम में जल कर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में शिविर कार्यालयीन समय में लगेगा।

नईदुनिया 8/7/21

## लोकसेवा केंद्र से बनेगा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को आय और संपत्ति ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र अब लोक सेवा गारंटी के तहत जारी किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने 15 दिन की समय सीमा तय की है। इसके पहले तहसीलदार द्वारा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किया जाता था। इसके लिए सभी के किसी भी लोक सेवा केंद्रों में जाकर ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसका उपयोग गरीब सामान्य श्रेणी के लोगों को 10% आरक्षण देने के लिए किया जाता है। यह प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र के समान है जो किसी व्यक्ति की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

दै. भास्कर 8/7/21

16

सीएम बोले - मैं रोना नहीं रो रहा, लेकिन अब बाजार बंद करने की स्थिति नहीं

# तीन माह से खजाने में नहीं आया पैसा, हर हाल में रोकें तीसरी लहर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जबलपुर. कोरोना की संभावित तीसरी लहर को रोकने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। अब सरकार बाजार बंद करने के पक्ष में नहीं है। हमें अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना है। बंद के कारण शासन के खजाने में तीन महीने से एक पैसा नहीं आया है। पहली लहर के बाद हम लापरवाह हो गए थे। ये बातें सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मानस भवन में कोरोना की तीसरी लहर रोकने के उपाय, शत प्रतिशत टीकाकरण कराने वाली ग्राम व नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में कही। उनका कहना था कि कोरोना का संकट खत्म नहीं हुआ है।



## सात दिन जब ठीक से सो नहीं पाया

मुख्यमंत्री ने कोरोना के मुश्किल दौर को याद करते हुए कहा कि दूसरी लहर पीक पर थी, जब ऑक्सीजन का संकट गहराया। ऐसे तकलीफदेह समय में सात दिन तक रात में ठीक से सो नहीं पाया। हालांकि स्थिति को संभाल लिया।

## उद्योग-व्यापार चलना बहुत जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग-व्यापार चलना बहुत जरूरी है। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना होगा। हम इसका रोना नहीं रो रहे। इंतजाम करेंगे। लेकिन जब सारी चीजें बंद हो जाती हैं तो सरकार, व्यापारी, मजदूर और गरीब के पास कुछ नहीं आता। हमें तीसरी लहर को रोकने के लिए भरसक प्रयास करना है। सीएम ने कहा कि विधायक, पूर्व विधायक अपने विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें।

मध्यप्रदेश सरकार ने बाजार का समय बढ़ाने का फैसला 15 जुलाई तक टाला, सिनेमा हॉल, स्विमिंग पूल और कोचिंग अभी नहीं खुलेंगे

# रात का कर्फ्यू जारी रहेगा

भोपाल ● 7 जुलाई ( ब्यूरो )

मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार को कोरोना में लागू कुछ प्रतिबंध 15 जुलाई तक फिर बढ़ा दिए हैं। अब बाजार का समय बढ़ाने, सिनेमा हॉल, स्विमिंग पूल और कोचिंग खोलने का फैसला 15 जुलाई के बाद ही होगा। रात का कर्फ्यू में भी छूट नहीं दी गई है। यानी रात कर्फ्यू रात 11 से सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। शादी में मेहमानों की संख्या 50 ही रहेगी। साथ ही शहरी क्षेत्र के बाजार रात 8 बजे से ही बंद होंगे, इसका समय बढ़ाने की मांग व्यापारी कर रहे थे। गृह

## देश में एक दिन में कोरोना के 43 हजार से ज्यादा नए मामले

नई दिल्ली ● देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के दैनिक मामलों में हुई बड़ी वृद्धि के बीच 43 हजार से अधिक नए मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना के 43,733 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ छह लाख 63 हजार 635 हो गया है। इस दौरान 47 हजार 240 मरीजों के

बुधवार को 2474 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया

# जिले में अब तक 4 लाख 1 हजार 653 कोविड वैक्सीन के डोज ल

प्रसारण न्यूज़ ✦ रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में ले में वैक्सीनेशन के तहत अब तक 4 ख 1 हजार 653 कोविड के वैक्सीन के ज लगाए जा चुके हैं। इसमें से 66 हजार 57 लोगों को कोविड वैक्सीन के दूसरे ज लगाया जा चुका है। इसमें हेल्थ केयर र्कर्स को 13 हजार 212 डोज, फ्रंटलाईन र्कर्स को 14 हजार 361 डोज, 18 से 44 र्ष आयु समूह के लोगों को 1 लाख 73 जार 878 डोज, 45 से 60 वर्ष आयु मूह के लोगों को 1 लाख 25 हजार 633 डोज, 60 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों को 74 हजार 569 डोज लगाए जा चुके हैं।

शहरी क्षेत्र में 45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत 77.76 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत 49.65 प्रतिशत लोगों को दूसरा वैक्सीन लगाया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में आयोजित वैक्सीनेशन के दौरान बुधवार को 2474 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया।

**टीकाकरण महाअभियान में अब तक हुआ 1 लाख 45 हजार 850 लोगों का वैक्सीनेशन :** कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत 21 जून से 7 जुलाई तक रतलाम जिले में 1लाख 45 हजार 850 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत बुधवार 7 जुलाई को 2474 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ। जिले में अब तक महाअभियान के तहत हुए वैक्सीनेशन में 18 से 44 वर्ष के 1 लाख 671 तथा 45 वर्ष से अधिक के 45 हजार 164 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। अभियान के तहत किए गए वैक्सीनेशन में आलोट विकासखंड के 17 हजार 689, बाजना विकासखंड के 8 हजार 149, सैलाना विकासखंड के 9 हजार 758, जावरा विकासखंड के 21 हजार 255, पिपलोदा विकासखंड के 11 हजार 459, रतलाम ग्रामीण के 23 हजार 101, रतलाम शहर के 54 हजार 439 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है।

## रतलाम शहर में गुरुवार को वैक्सीनेशन के स्थान निध

**वार्ड क्रमांक 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं के लिए वैक्सीनेशन के साथ होगी नई पहल**

प्रसारण न्यूज़ ✦ रतलाम

कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत रतलाम शहर में गुरुवार 8 जुलाई को वैक्सीनेशन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। गुरुवार को सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरा डोज सत्र, कोविशिल्ड केवल दूसरा डोज सत्र, कोवैक्सीन दूसरा डोस सत्र तथा वार्ड क्रमांक 33 के 4 मतदान केंद्रों के मतदाताओं हेतु कोविशिल्ड प्रथम डोज सत्र होगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर के नागरिकों से आग्रह किया है कि उक्त व्यवस्था के अनुरूप निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित रूप से टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे शहर में निर्धारित टीकाकरण स्थल पर टीकाकरण हेतु उपस्थित न हों, शहर की व्यवस्था शहर के निवासियों के लिए है। एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 33 में मतदान केंद्रवार टीकाकरण करने की प्रायोगिक शुरुआत की जा रही है। गुरुवार को वार्ड क्रमांक 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं का ही टीकाकरण किया जाएगा।

टीकाकरण स्थल पर बी एल ओ भी उपस्थित रहेंगे जो मतदान केंद्र के मतदाताओं का मौके पर ही सत्यापन करेंगे और उसके बाद उनका टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि यह व्यवस्था सफल रहती है तो इसे आगामी दिनों में भी लागू किया जा सकता है। श्री गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाताओं के अनुसार टीकाकरण की स्थिति को सूचीबद्ध कर लिया गया है इसलिए यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर गुरुवार को की जा रही है।

**सामान्य सत्र के लिए 17 स्थान निर्धारित :** सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरे डोस के लिए 17 स्थान निर्धारित है। इनमें रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, साईं श्री अकेडमी 80 फिट रोड रत्नपुरी, बोधि स्कूल डोंगरे नगर, आईएमए हाल राजेंद्र नगर, राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, जमातखाना शैरानीपुरा, मांगलिक भवन दिलीप नगर, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, रंगोली गीता मंदिर रोड, कालिका माताधर्मशाला, मोहन टॉकीज, नरसिंह वाटिका सिलावट का वास, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी, सिखवाल समाज धर्मशाला ब्राह्मणों का वास।

**कोविशिल्ड केवल दूसरा डोज सत्र यहां होगा :** कोविशील्ड दूसरा डोस सत्र के लिए चार स्थान निर्धारित है। जिनके पहले टीके को 84 दिवस पूर्ण हो चुके हैं वे कोविशिल्ड दूसरा डोस के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, काश्यप सभागृह सागोद रोड, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम पर वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

**कोवैक्सिन दू**

कोवैक्सीन के पहले पूर्ण होने वाले व्यक्ति दूसरा डोज सत्र 8 स्थ है। यह स्थान हैं सरस सरस्वती स्कूल काट आनंद कॉलोनी, श्रम डीआरएम ऑफिस हॉस्पिटल, जिला न्या

**केवल वार्ड क्र हेतु कोविशिल्ड प्र** केवल वार्ड क्रमांक स्थल निर्धारित कि लगवाने के लिए स परिचय पत्र एवं अनिवार्य है। यह स हॉल 77, गुजराती स्र न -178 पर हो वे के मतदाता ही न डोज लगवा स

प्रसारण 8/7/21

**अनलॉक में नाइंसाफी** • सराफा शाम 7.30 बजे बंद होता, इसके बाद खाने-पीने की दुकानें लगतीं जो आधे घंटे में हो रहीं बंद

# शाम 7 बजे सराफा बंद होने के बाद शुरू होती है चौपाटी, 8 बजे बंद कराने आ जाती है पुलिस

## रात 8 बजे दुकानें बंद कराने के आदेश से खाने-पीने के कारोबार के 2 हजार कारोबारी परेशान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सराफा बाजार शाम 7.30 बजे बंद होता है। इसके बाद यहां खाने पीने की छोटी चौपाटी शुरू हो जाती है लेकिन रात 8 बजे दुकानें बंद करने के जिला प्रशासन के आदेश से छोटे कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वजह वे सराफा बाजार बंद होने के बाद दुकान लगाते हैं कि रात 8 बजे पुलिस बंद करा देती है।

इस नियम से सराफा बाजार ही नहीं बल्कि स्टेडियम स्थित चौपाटी, गणेश देवरी, धानमंडी, राम मंदिर, त्रिपोलिया गेट, बाजना बस स्टैंड, अलकापुरी, कालिकामाता मंदिर परिसर में दुकान लगाने वाले छोटे कारोबारियों की भी यही परेशानी है। इससे वे कारोबार भी नहीं कर पा रहे हैं। जबकि इंदौर की बात करें तो इंदौर में रात 11 बजे दुकानें बंद हो रही हैं। लेकिन रतलाम में रात 8 बजे ही दुकानें बंद हो रही है। जबकि कारोबार का समय दो घंटे बढ़ाकर रात 10 बजे किया जाए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया छोटे दुकानदारों की दुकानें रात 8 बजे बंद कराने की शिकायत नहीं आई है। यदि कोई दुकानें रात 8 बजे बंद करा रहा है तो मुझे शिकायत करें।

## छोटे दुकानदार बोल रहे-हम मजबूरी में आधा माल बना रहे ताकि खराब होने की नौबत नहीं आए



सराफा बाजार में रात 8 बजे दुकानें बंद कराते चीता फोर्स के जवान।

### 200 रुपए की कमाई भी नहीं हो रही

सराफा बाजार में फरियाली खिचड़ी की दुकान लगाने वाले हेमंत माली ने बताया सराफा बाजार बंद होने के बाद शाम को दुकान लगाते हैं लेकिन आधे घंटे बाद ही पुलिस दुकान बंद कराने आ जाती है। 25 फीसदी ही माल बना रहे हैं। बमुश्किल 200 रुपए कमाई भी नहीं हो पा रही है। जिला प्रशासन को समय बढ़ाना चाहिए ताकि कारोबार कर सकें। फाफड़े की गाड़ी लगाने वाले प्रदीप कसेरा ने बताया कि लॉकडाउन के बाद सभी दुकानें तो खुल गईं लेकिन हमारा कारोबार शुरू नहीं हो पाया है। इससे मजबूरी में आधा ही माल बना रहे हैं ताकि खराब ना हो। जिला प्रशासन को छोटे कारोबारियों की तो बिल्कुल भी चिंता नहीं है। छोले टिकिया की दुकान लगान वाले ईश्वरलाल ने बताया कि लॉकडाउन खुल गया लेकिन हमारा धंधा रात का है। रात 8 बजे ही दुकानें बंद करा दी जाती हैं और फायदा नहीं हो रहा।

### इंदौर खुल गया तो रतलाम क्यों नहीं

संयुक्त व्यापारी संघ के संजय पारख ने बताया दुकान खुलने का समय रात 8 बजे तक का ही है। जबकि इसका समय बढ़ाकर रात 10 बजे तक करना चाहिए ताकि खाने-पीने की दुकानें लगाने वाले छोटे कारोबारी काम कर सकें। रात 8 बजे का समय होने से ज्यूस, पानी पताशे सहित अन्य दुकानें तो खुल ही नहीं पा रही हैं। जब इंदौर का बाजार रात 11 बजे तक खुल रहा है तो रतलाम का क्यों नहीं। जबकि अब तो कोरोना के केस भी कम ही आ रहे हैं। तो इसके बाद भी रात का समय क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है। रतलाम रात 10 बजे तक खुले।

### होटल संचालक और मैरिज गार्डन संचालकों को आखिरी चेतावनी

कलेक्टोरेट में बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने होटल रेस्टोरेंट संचालकों, मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि बगैर अनुमति के कोई भी आयोजन होटल, मैरिज गार्डन में नहीं किए जाएं। यह आखिरी चेतावनी है। आगे यदि किसी ने बगैर अनुमति आयोजन किया तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मैरिज गार्डन संचालक कोरोना स्प्रेडर नहीं बने ऐसी कार्यप्रणाली अपनाएं जिसमें संक्रमण नहीं फैले और बिजनेस भी चलता रहे। होटल मैरिज गार्डन संचालकों से जुड़े व्यक्तियों के लिए विशेष वैक्सीनेशन कैंप रखा जाएगा। यह भी ध्यान रखें कि शादी विवाह आयोजन में निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्ति कतई शामिल ना हो। वहीं जो व्यक्ति शादी आयोजन में शामिल हो रहे हैं उनका आरटीपीसीआर टेस्ट पूर्व से कराया जाए। ऐसा काम करें जिससे बिजनेस भी चले व कोरोना ना फैले।

दै.भास्कर 8/7/21

# मास्क नहीं पहनने पर 398 ने दिया 48,850 रुपए का जुर्माना, 30 लोगों को अस्थायी जेल भी भेजा गया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

8-7-2021

मास्क को लेकर शहर में सख्ती शुरू हो गई है। बुधवार को मास्क को लेकर जगह-जगह कार्रवाई की गई। मास्क नहीं पहनने पर 30 लोगों के खिलाफ अस्थायी चलित जेल की कार्रवाई की गई तो 398 लोगों के खिलाफ कर 48,850 रुपए शुल्क वसूला। वहीं 23 दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

दुकानदार द्वारा मास्क नहीं पहनने पर दो बत्ती स्थित कपड़े की दुकान को सील किया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



मास्क नहीं पहनने पर चलित जेल में जाने का बोलते पुलिस अधिकारी।

## क्या चाय पीने के लिए मास्क खोलना भी गुनाह है क्या

सामाजिक कार्यकर्ता सलीम आरिफ ने बताया व्यापारी पूरी सावधानी रख रहे हैं। अपने यहां आने वाले ग्राहकों को भी मास्क पहनने की समझाइश दे रहे हैं। बावजूद जिला प्रशासन द्वारा दुकानदारों पर कार्रवाई की जा रही है। दुकानदार चाय या पानी पीने के लिए भी मास्क नहीं हटा सकता है। यदि हटाता है तो जुर्माना कर दिया है। यह कौन सा कानून है। क्या मास्क हटाकर चाय पीना भी गुनाह है जो कार्रवाई की जा रही है।

दै. भास्कर 8/7/21



# पौधे की वैन को पौधे वितरित करने हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**प्रसारण न्यूज़ * रतलाम**

आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप तथा सेवा भारती के तत्वाधान में जिले में 5 हजार से अधिक पौधे लगाकर उनका रख रखाव करने का निर्णय लिया गया है। रतलाम प्रेस क्लब उपाध्यक्ष व फोटो जर्नलिस्ट राकेश पोरवाल ने बताया कि बुधवार को पौधारोपण करने की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पौधे भेंट कर की तथा पौधे की वैन को पहले वितरित करने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि पौधों को लगाना तो आसान है किंतु उनका रखरखाव मुश्किल है। इसलिए उतने ही पौधे रोप जाने चाहिए जितने पौधों का रखरखाव हो सके। यदि ऐसा करे तो ही पौधारोपण सार्थक है। सेवा भारती जिला अध्यक्ष राकेश मोदी ने कहा कि आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप द्वारा पिछले 2 वर्षों से लगातार पौधारोपण तथा उनका रखरखाव का कार्य किया जा रहा है जो इस वर्ष भी जारी रहेगा।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, अनुज खण्डेड़, राज तिवारी, योगेश जाट, विपुल कुमावत, शीतल पुरोहित, नितिन फलोदिया, योगेश सोनावा आदि मौजूद थे।

# दंपत्ति ने अपने जन्म दिन पर पौधारोपण कर पौधे वितरित किए

**प्रसारण न्यूज़ * रतलाम**



रत्नेश्वर रोड़ स्थित शिवधाम परिसर रहवासी दंपत्ति जगदीशचंद्र वर्मा व पुष्पा वर्मा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पौधारोपण कर पौधे वितरित किए। नीम, तुलसी, पीपल, आंवला सहित कई प्रजातियों के फलदार एवं जड़ी-बूटियों के पौधे वितरण किए गए। वर्मा दंपत्ति ने पौधा वितरण कर रखरखाव का संकल्प लिया। इस अवसर पर जितेंद्र वर्मा, मनीष वर्मा, जय वर्मा, निलेश सोलंकी, सुरेश भाटी, गोपाल वैष्णव, कपिल सेन, मनीष तंवर सहित रहवासी मौजूद थे।

# पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक

**प्रसारण न्यूज़ * रतलाम**

## रेलवे चिकित्सालय में फल-फ्रूट वितरित किए

# मिनी स्मार्ट सिटी कार्यों में ढिलाई बरतने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की गई



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

8-7-2021

रतलाम मिनी स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट कक्ष में की गई। इस अवसर पर मौजूद विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा निर्देशित किया गया कि मिनी स्मार्ट सिटी में स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कन्वेंट स्कूल के सामने डामरीकरण कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्लोप कार्य सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण दुर्घटना का खतरा है, उसको सुधारा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि ढाई सौ मीटर में पौने दो करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, यह राशि ज्यादा है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि कंसल्टेंसी द्वारा ढिलाई के साथ कार्य किया जा रहा है। साथ ही एजेंसी भी ठीक से कार्य नहीं कर रही है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा नगर निगम के इंजीनियर द्वारा भी सही ढंग से मानिटरिंग नहीं किए जाने पर सख्त नाराजगी जाहिर की गई। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट भवन के सामने चल रहे कार्य की धीमी गति पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए एजेंसी को तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। ऊकाला रोड पर पाइप लाइन कार्य के दौरान कलेक्टर द्वारा नगर निगम के एक इंजीनियर की पूरे समय तैनाती के निर्देश निगम आयुक्त को दिए गए। बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी तीन सड़क निर्माण कार्य डि-स्कोप किए जा रहे हैं इनमें गुजरात स्वीट से जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक, महाराणा प्रताप चौराहा से जीपीओ रोड तथा शास्त्री नगर मेन रोड सम्मिलित है।

प्रसारण 8/7/21

## समीक्षा बैठक में मिनी स्मार्ट सिटी कार्यों में बरती जा रही ढिलाई पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई

प्रेस 8/7/21

रतलाम। मिनी स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट कक्ष में की गई। इस अवसर पर मौजूद विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा निर्देशित किया गया कि मिनी स्मार्ट सिटी में स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कन्वेंट स्कूल के सामने डामरीकरण कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्लोप कार्य सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण दुर्घटना का खतरा है, उसको सुधारा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि ढाई सौ मीटर में पौने दो करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, यह राशि ज्यादा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि कंसल्टेंसी द्वारा ढिलाई के साथ कार्य किया जा रहा है। साथ ही एजेंसी भी ठीक से कार्य नहीं कर रही है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा नगर निगम के इंजीनियर द्वारा भी सही ढंग से मानिटरिंग नहीं किए जाने पर सख्त नाराजगी जाहिर की गई। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट भवन के सामने चल रहे कार्य की धीमी गति पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए एजेंसी को तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। ऊकाला रोड पर पाइप लाइन कार्य के दौरान कलेक्टर द्वारा नगर निगम के एक इंजीनियर की पूरे समय तैनाती के निर्देश निगम आयुक्त को दिए गए। बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी तीन सडक निर्माण कार्य डि-स्कोप किए जा रहे हैं इनमें गुजरात स्वीट से जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक, महाराणा प्रताप चौराहा से जीपीओ रोड तथा शास्त्री नगर मेन रोड सम्मिलित है।



प्रेस 8/7/21

# वैक्सीनेशन : केंद्रों पर अफरातफरी, उपद्रव रोकने तैनात किया बल

## सिर्फ 2300 वैक्सीन के साथ लगे सत्र, दोपहर तक ही वैक्सीन खत्म, 2474 लोगों ने लगवाए टीके, 21 जून से अब तक 1.45 लाख लोग लगवा चुके टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में बुधवार को सिर्फ 2300 वैक्सीन के साथ कोरोना के दूसरे टीके लगाए गए। वैक्सीन का यह डोज ऊंट के मुंह में जीरे के समान था। सुबह चंद मिनटों में ही टोकन समाप्त हो गए, आलम ऐसा था कि कई लोग सुबह जल्दी कतार में लगने के बाद भी टोकन नहीं ले पाए। इसे लेकर लोगों का गुस्सा भी फूटा, कई केंद्रों पर पुलिस भी बुलवाना पड़ी।

कोरोना टीकाकरण में बुधवार को लगातार तीसरा सत्र दूसरे डोज के लिए लगाया गया था। सुबह 8 बजे से टोकन मिलना था। माहेश्वरी धर्मशाला में बीच कतार में ही टोकन खत्म हो गए। लोग नाराज हुए, स्टाफ को भी कोसा। केंद्र पर पुलिस को पहुंचकर व्यवस्था संभालना पड़ी। वहीं सागोद रोड स्थित काश्यप सभागृह व अन्य स्थानों पर टोकन को लेकर विवाद होते रहे।

### टारगेट का 97.23% हुआ पूरा, वेस्टेज डोज भी उपयोग

कोरोना डोज को वेस्टेज होने से बचाया जा रहा है। 2300 लोगों के लिए ही टीके उपलब्ध थे लेकिन शाम तक 2474 का टीकाकरण हो गया। जो 107.57% है। इधर जिले में 21 जून से अब तक 145850 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। जबकि लक्ष्य 1.50 लाख का बनाया गया है। लक्ष्य के मुकाबले अब तक 97.23% लोगों को वैक्सीन लग चुकी है।



वैक्सीन के टोकन खत्म होने के बाद माहेश्वरी धर्मशाला में आक्रोश जताते लोग।

### जिले के तीन ब्लॉक में पूरा हो चुका लक्ष्य

**बाजना सबसे पीछे**

| ब्लॉक | लक्ष्य | पूरा हुआ |
|---|---|---|
| आलोट | 20000 | 88.45% |
| बाजना | 10000 | 81.49% |
| सैलाना | 10000 | 97.58% |
| जावरा | 20000 | 106.28% |
| पिपलौदा | 10000 | 114.59% |
| ग्रामीण | 20000 | 115.51% |
| शहर | 60000 | 90.73% |

**आज नया प्रयोग** • 17 स्थानों पर कोविशील्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा, सफल होने पर जारी रखेंगे

# मतदान केंद्रवार लगेंगे टीके, 4 मतदान केंद्र के मतदाता को लगेगा पहला डोज, बीएलओ करेंगे सत्यापन, इसके बाद लगेगी वैक्सीन

### कोविशील्ड व कोवैक्सीन के दूसरे डोज के लिए अलग-अलग सत्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर गुरुवार से शहर में नया प्रयोग किया जा रहा है। आज मतदान केंद्रवार टीकाकरण होगा, यानी चुनाव की तर्ज पर वैक्सीनेशन की तैयारी है। इसके लिए बीएलओ केंद्र पर सत्यापन करेंगे, मतदान केंद्र से जुड़े लोग सत्यापन के बाद टीका लगवा सकेंगे। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो अन्य केंद्रों पर भी इसे लागू किया जाएगा।

कोरोना टीकाकरण महाअभियान में 8 जुलाई को वैक्सीनेशन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। वार्ड क्रं. 33 के 4 मतदान केंद्रों के मतदाताओं के लिए कोविशील्ड पहले डोज का विशेष सत्र रहेगा। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया शहर में गुरुवार को वार्ड 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं का ही टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण स्थल पर बीएलओ भी मौजूद रहेंगे, जो मतदान केंद्र के मतदाताओं का मौके पर ही सत्यापन करेंगे। उसके बाद उनका टीकाकरण होगा। उन्होंने बताया यदि यह व्यवस्था सफल रहती है तो इसे आगामी दिनों में भी लागू किया जा सकता है। रतलाम शहर में प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाताओं के अनुसार टीकाकरण की स्थिति को सूचीबद्ध कर लिया गया है इसलिए यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर गुरुवार को की जा रही है। वैक्सीन लगवाने के लिए संबंधित का मतदाता फोटो परिचय पत्र व आधार कार्ड लाना जरूरी है। सत्र लायंस हॉल-76, लायंस हॉल 77, गुजराती स्कूल -177 तथा गुजराती स्कूल -178 पर होगा।

### शहर में 17 जगह लगेंगे सामान्य सत्र

सामान्य सत्र में कोविशील्ड पहले व दूसरे डोज के लिए 17 स्थान तय किए गए हैं। रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, साईं श्री अकेडमी 80 फीट रोड रत्नपुरी, बोधी स्कूल डोंगरे नगर, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बालाजी नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, मांगलिक भवन दिलीप नगर, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, रंगोली गीता मंदिर रोड, कालिका माता धर्मशाला, मोहन टॉकीज, नृसिंह वाटिका सिलावटों का वास, सूरज हॉल वेदव्यास कॉलोनी, सिखवाल समाज धर्मशाला ब्राह्मणों का वास में टीका लगाया जाएगा।

**कोविशिल्ड दूसरा डोज यहां लगेगा :** कोविशील्ड दूसरा डोज माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, काश्यप सभागृह सागोद रोड, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी व मेंहदीकुई बालाजी नगर निगम में लगाया जाएगा। को-वैक्सीन का दूसरा डोज सरस्वती स्कूल काटजू नगर 1, सरस्वती स्कूल काटजू नगर दो, डीआरपी लाइन आनंद कॉलोनी, श्रम शिविर सभागृह एमपीईबी, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, घटला रेलवे हॉस्पिटल, जिला न्यायालय, इंडियन ऑइल में लगेगा।

### रतलाम में आया स्पूतनिक टीका



रतलाम. कोरोना वैक्सीनेशन के दौर में रतलाम में अब स्पूतनिक टीका पहुंच गया है। हालांकि यह फिलहाल निजी अस्पताल में पहुंचा है। जहां पर बुधवार शाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने पहुंचकर फीता काट इसका शुभारंभ किया। इस दौरान शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत भी उपस्थित रहे। यहां पर एक हितग्राही को टीका भी लगाया गया। भास्कर 8-7-21

# संपत्ति व जलकर के बकाया जमा के अधिभार में छूट देंगे

## 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत लगेगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

8-7-2021

10 जुलाई को लगने वाली नेशनल लोक अदालत में संपत्ति व जलकर की बकाया राशि जमा करने पर अधिभार की राशि में छूट दी जाएगी। नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर के शिविर में पहुंचकर बकायादार राशि जमा कर छूट का लाभ ले सकते हैं।

संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50000 रुपए तक बकाया होने पर अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10000 रुपए तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50000 रुपए से ज्यादा तथा 1 लाख तक बकाया होने पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं जलकर में कर तथा अधिभार की राशि 10000 से ज्यादा तथा 50000 रुपए तक बकाया होने पर अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख से ज्यादा बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25% की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50000 रुपए से ज्यादा बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50% की छूट। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया यह छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी।

दै. भास्कर 8/7/2021

पहले के साथ अब दूसरे डोज के लिए भी केंद्रों पर बढ़ रहे विवाद

# जिले में 4 लाख से अधिक का वैक्सीनेशन

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना वैक्सीनेशन का काम अब गति पकड़ता नजर आ रहा है लेकिन इसकी गति बढ़ने के साथ ही कुछ केंद्रों पर अब विवाद की स्थिति भी बनती नजर आ रही है। पहले डोज के साथ ही अब वैक्सीन के दूसरे डोज को लेकर भी टीकाकरण केंद्रों पर भीड़ के साथ धक्का-मुक्की देखने को मिल रही है। इतना ही नहीं कुछ केंद्रों पर लोग टोकन को लेकर भी आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है तो कहीं लोग टोकन लेकर घर जा रहे हैं और जब वापस आते हैं तो नंबर निकल जाने पर विवाद करने लगते हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सागोद रोड स्थित जैन स्कूल पर बनाए केंद्र पर देखने को मिला।



शहर में बुधवार को सात केंद्रों पर दूसरे डोज का टीकाकरण किया गया। इस दौरान केंद्रों पर सुबह से ही लोग पहुंच गए और टोकन लेकर कतार में खड़े हो गए। केंद्र पर टीके पहुंचने के बाद टीकाकरण का काम शुरू हुआ तो लोग यहां फिर से कोविड नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए। पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा नियमों का पालन करने की समझाइश दिए जाने के बाद भी लोग एक ही जगह सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करते हुए एक-दूसरे के नजदीक खड़े रहे, दरअसल उन्हें लग रहा था कि यदि उन्होंने दूरी बनाई तो कहीं कोई और व्यक्ति बीच में आकर लाइन में न लग जाए इसलिए लोगों ने नियमों की धज्जियां उड़ा दी।

## जिले में वैक्सीनेशन के तहत अब तक

| | |
|---|---|
| 4 लाख 1653 | - वैक्सीन के डोज लगाए |
| 66457 | - लोगों को दूसरा डोज लगा |
| 13212 | - हेल्थ केयर वर्कर्स को डोज |
| 14361 | - फ्रंटलाईन वर्कर्स को डोज |
| 1 लाख 73878 | - 18 से 44 वर्ष आयु समूह को टीके लगे |
| 1 लाख 25633 | - 45 से 60 वर्ष आयु समूह के टीके लगे |
| 74569 | - 60 वर्ष से अधिक आयु समूह के टीके लगे |

## कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत 21 जून से 7 जुलाई तक टीकाकरण

| | |
|---|---|
| 1 लाख 45850 | लोगों को टीके लगे |
| 2474 लोगों को | 7 जुलाई को टीके लगे |
| 1 लाख 671 | 18 से 44 वर्ष के लोगों को टीके लगे |
| 45164 | 45 वर्ष से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन |

## टीकाकरण

| संख्या | विकासखंड |
|---|---|
| 17689 | आलोट |
| 8149 | बाजना |
| 9758 | सैलाना |
| 21255 | जावरा |
| 11459 | पिपलोदा |
| 23101 | रतलाम ग्रामीण |
| 54439 | रतलाम शहर |

### 45 वर्ष पार 77.76% लोगों को पहला टीका

45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत 77.76% को पहला टीका लगाया जा चुका है 45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत 49.65% को दूसरा वैक्सीन लगाया जा चुका है। बुधवार को 2474 ने कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया। महाभियान में 1 लाख 45 हजार 850 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है।

पत्रिका 8/7/21

# पिकनिक स्पॉट्स पर ना जाएं... दो महीने के लिए आवागमन प्रतिबंधित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बारिश के मौसम में प्राकृतिक नजारों का आनंद लेने के लिए अब पिकनिक स्पॉट्स पर जाना महंगा पड़ सकता है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी पिकनिक स्पॉट्स (नदी, झरना, डेम आदि) पर सैलानियों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

**पकड़ाए तो धारा-188 में हो जाएगी कार्रवाई**

प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार अभी कोविड-19 संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। वर्षा ऋतु में जिले में जामण पाटली, धोलावड़ डेम, ईसरथूनी, बड़ा केदारेश्वर, सरवन रोड स्थित केदारेश्वर पर नदी व झरने चालू हो जाते हैं। वहां लोग परिवार सहित घूमने, पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। नदी, झरने में नहाने के दौरान अचानक बहाव तेज होने के कारण हादसे की आशंका रहती है। इस तरह भीड़ होने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ने की आशंका अधिक रहती है। इसे रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से 2 महीने की अवधि के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में एक पॉजिटिव मिला

रतलाम | कोरोना संक्रमण के लिहाज से बुधवार का दिन राहत लेकर आया। जिले में एक संक्रमित मिला। गत तीन दिन में 11 पॉजिटिव मिलने से प्रशासन ने बंदिश शुरू की थी। एक्टिव केस अब 19 हो गए हैं।

दै. भास्कर 8/7/21

# मैरिज गार्डन संचालक बगैर अनुमति आयोजन नहीं करें-कलेक्टर

रतलाम ● मैरिज गार्डन संचालकों, होटल और रैस्टोरेंट संचालकों की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि बगैर अनुमति कोई भी आयोजन होटलों मैरिज गार्डन में नहीं किए जाएं यह अंतिम चेतावनी है यदि किसी ने बगैर अनुमति आयोजन किया तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मैरिज गार्डन संचालक कोरोना स्प्रेडर नहीं बने ऐसी कार्यप्रणाली अपनाएं जिसमें संक्रमण नहीं फैले और बिजनेस भी चलता रहे। होटल मैरिज गार्डन संचालकों से जुड़े व्यक्तियों के लिए विशेष टीकाकरण कैंप भी आयोजित करेंगे।

स्वदेश 8-7-21

स्वदेश 8/7/21

# जिले के पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त पिकनिक स्पॉट्स (नदी, झरना, डैम इत्यादि) पर सैलानियों का आवागमन पूर्णत प्रतिबंधित किया है। इस संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार वर्तमान में कोविड-19 संक्रमण खत्म नहीं हुआ है एवं वर्षा ऋतु में जिले में जामन पाटली, धोलावाड़ डैम, ईसरथूनी, बड़ा केदारेश्वर, सरवन रोड स्थित केदारेश्वर पर नदी एवं झरने चालू हो जाते हैं जहां काफी संख्या में लोग परिवार सहित घूमने, पिकनिक मनाने आते हैं। नदी, झरने में नहाने के दौरान अचानक बहाव तेज होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। इस तरह भीड़ होने से संक्रमण का खतरा बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। इसे रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से आगामी 2 माह तक की अवधि के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

नवभारत 8-7-21

नवभारत 8/7/21

**आयोजन**

## पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी, फल भी वितरित किए



रतलाम. पौधरोपण आज की महती आवश्यकता है। यह बात रतलाम रेल मंडल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए के मालवीय ने सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास के जन्मोत्सव के पर रेलवे चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम में कही।

प्रवक्ता बृजपालसिंह ने बताया इस अवसर पर फलदार वृक्ष आम, नींबू, इमली, सीताफल, बादाम, जामुन, जामफल आदि पौधों का रोपण चिकित्सालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक इंदर सिंह, मध्य प्रदेश हिंद मजदूर सभा के महामंत्री गोविंदलाल शर्मा, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदोरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अवधेश अवस्थी, डॉ अनामिका अवस्थी, डॉ अविनाश चंद्र, विकास शर्मा, पेंशनर संगठन सदस्य अरुण वाडकर, रमेश शुक्ला, मनीष जोशी, प्रदीप ओझा, सुनील डागर, आर एस झाला, सुभाष चौहान, एमआई शर्मा, श्यामलाल चोरासी, अनूप आदि उपस्थित थे।

**अभियान**

## पौधे लगाकर रखरखाव का निर्णय



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप तथा सेवा भारती के तत्वाधान में जिले में 5000 से अधिक पौधे लगाकर उनका रखरखाव करने का निर्णय लिया गया है। रतलाम प्रेस क्लब उपाध्यक्ष व फोटो जर्नलिस्ट राकेश पोरवाल ने बताया कि बुधवार को पौधारोपण करने की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पौधे भेंट कर की तथा पौधे की वेन को पौधे वितरित करने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि पौधों को लगाना तो आसान है किंतु उनका रखरखाव मुश्किल है इसलिए उतने ही पौधे रोपे जाने चाहिए जितने पौधों का रखरखाव हो सके। यदि ऐसा करें तो ही पौधारोपण सार्थक है। सेवा भारती जिला अध्यक्ष राकेश मोदी ने कहा कि आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप द्वारा पिछले 2 वर्षों से लगातार पौधारोपण तथा उनका रखरखाव का कार्य किया जा रहा है जो इस वर्ष भी जारी रहेगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, अनुज छाजेड़, राज तिवारी, योगेश जाट, विपुल कुमावत, शीतल पुरोहित, नितिन फलोदिया, योगेश सोनावा आदि मौजूद थे।

**दैनिक भास्कर**

## पौधे लगाना आसान अतः जितने पौधों का रखरखाव हो उतने का ही रोपण करें-कलेक्टर



रतलाम | पौधों को लगाना तो आसान है किंतु उनका रखरखाव मुश्किल है। इसलिए उतने ही पौधे रोप जाने चाहिए, जितने पौधों का रखरखाव हो सके। यदि ऐसा करे तो ही पौधारोपण सार्थक है। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पौधे वितरित करने वाली वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए अभियान का शुभारंभ किया। 'आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप' तथा सेवा भारती ने जिले में 5000 से ज्यादा पौधे लगाकर उनके रखरखाव का निर्णय लिया है। डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, सेवा भारती जिला अध्यक्ष राकेश मोदी, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष राकेश पोरवाल, अनुज छाजेड़, राज तिवारी, योगेश जाट, विपुल कुमावत, शीतल पुरोहित, नितिन फलोदिया, योगेश सोनावा आदि मौजूद रहे।

## स्वस्थ वातावरण के लिए किया पौधरोपण



रतलाम | स्वस्थ वातावरण निर्मित करने के लिए रेलवे अस्पताल परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। रेल मंडल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए के मालवीय, रेलवे पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास, पेंशनर एसोसिएशन के प्रवक्ता ब्रजपालसिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक इंदर सिंह, मप्र हिंद मजदूर सभा के महामंत्री गोविंदलाल शर्मा, भगतसिंह भदौरिया, मयूर पुरोहित, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवधेश अवस्थी, डॉ. अनामिका अवस्थी, डॉ. अविनाशचंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ऑफ रतलाम ग्रेटर ने किया पौधरोपण



रतलाम। लायंस क्लब ऑफ रतलाम ग्रेटर एवं जैन पब्लिक स्कूल द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इसमें औषधीय एवं फलदार पौधे रोपे गए। वहीं स्कूल प्रबंधन द्वारा देखभाल का संकल्प लिया। लायंस क्लब ग्रेटर के सभी सदस्यों ने यह शपथ ली कि क्लब के किसी भी सदस्य का जन्मदिन या शादी की सालगिरह होने पर औषधीय पौधा उनके घर जाकर दिया जाएगा। पौधे का सदस्यों द्वारा रखरखाव भी किया जाएगा। मनीष गांधी, जागृति पौराणिक, निलेश चौरड़िया, प्रदीप पीपाड़ा, मुकेश पगारिया, मयंक कटियार, रवि बोथरा, आदर्श राखेचा, आलोक गांधी, निरीश रुनवाल, दीपक चौरड़िया, विनय लोढ़ा सहित अन्य मौजूद थे। आभार क्लब सचिव लायन चंद्रेश ने माना।

# होटल, मैरिज गार्डन संचालकों को चेतावनी, पिकनिक स्पाट बंद

## कोरोना की तीसरी लहर रोकने की कोशिश, संक्रमण से बचने के लिए सतर्कता जरूरी, मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई तेज

8-7-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की तीसरी लहर रोकने के लिए अब गाइडलाइन का पालन कराने के लिए प्रशासन अलर्ट हो गया है। बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने होटल, मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक लेकर मास्क, शारीरिक दूरी का पालन नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके साथ ही जिले के पर्यटन स्थलों पर आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है। बाजार में बगैर मास्क पहनकर घूमने वालों व दुकानदारों पर भी कार्रवाई की जा रही है।



कलेक्टोरेट सभागार में मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक में संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

**48850 रुपये जुर्माना वसूला, एक दुकान सील**

बुधवार को एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत के निर्देशन में पुलिस तथा राजस्व व नगर निगम की टीम के द्वारा शहर में मास्क फाइन की कार्रवाई की। बिना मास्क पहने घूमते हुए 30 लोगों को चलित जेल में रखा गया। मास्क फाइन में कुल 398 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 48850 रुपये जुर्माना वसूला। इसमें 23 दुकानदारों पर भी कार्रवाई की गई, जहां दुकान संचालक द्वारा बिना मास्क पहने दुकान का संचालन किया जा रहा था। दो बत्ती चौराहे पर एक कपड़े की दुकान 24 घंटे के लिए सील की गई।

**मैरिज गार्डन, होटलों में आयोजन बगैर अनुमति नहीं करें**

जिला मुख्यालय के मैरिज गार्डन संचालकों, होटल रेस्टोरेंट संचालकों की कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि हम चाहते हैं बिजनेस भी चले और आप कोविड-स्प्रेडर भी नहीं बनें। शारीरिक दूरी रखने व मास्क के उपयोग पर सख्ती के साथ व्यापार जारी रखें। 50 से ज्यादा व्यक्ति शादी में सम्मिलित नहीं हों। सभी की आरटी पीसीआर रिपोर्ट देखी जाए। मैरिज गार्डन संचालकों को अंतिम चेतावनी है, यदि बगैर अनुमति आयोजन किया गया तो कार्रवाई में देरी नहीं होगी। होटल तथा रेस्टोरेंट में अधिकतम रूप से पार्सल व्यवस्थाएं हो।

**पिकनिक स्पाट पर आवागमन प्रतिबंधित**

कलेक्टर ने जिले के सभी पिकनिक स्पाट (नदी, झरना, डैम इत्यादि) पर सैलानियों का आवागमन दो माह के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। प्रतिबंधात्मक आदेश में उल्लेख किया गया कि कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। बारिश में जिले में जामन पाटली, धोलावड़ डैम, ईसरथूनी, बड़ा केदारेश्वर, सरवन रोड स्थित केदारेश्वर पर नदी एवं झरने चालू हो जाते हैं। अचानक बहाव तेज होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

**एक नया पाजिटिव केस, तीन डिस्चार्ज**

जिले में बुधवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। तीन मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 19 है। जिले में अब तक 17496 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17166 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। जुलाई के सात दिनों में कुल 14 नए पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 37 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत एक भी नहीं हुई है।

नईदुनिया 8/7/21

### मैरिज गार्डन संचालक तथा होटल संचालकों की बैठक में दिए निर्देश

# कलेक्टर बोले कोविड-स्प्रेडर नहीं बने



रतलाम. मैरिज गार्डन संचालक तथा होटल संचालक कोविड-अनुकूल व्यवहार रखें। हम चाहते हैं व्यापार भी चले और आप कोविड-स्प्रेडर भी नहीं बने, इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क के उपयोग पर सख्ती रखते हुए व्यापार जारी रखें। बगैर अनुमति मैरिज गार्डन अथवा होटल में आयोजन रखा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट में बुधवार को आयोजित मैरिज गार्डन संचालकों, होटल, रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने कहा कि निश्चित संख्या 50 से ज्यादा व्यक्ति शादी में सम्मिलित नहीं हो। सभी सम्मिलित व्यक्तियों की आरटी पीसीआर रिपोर्ट देखी जाए। मैरिज गार्डन संचालकों को अंतिम चेतावनी है, यदि बगैर अनुमति आयोजन किया गया तो कार्रवाई में बिल्कुल भी देरी नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मैरिज गार्डन संचालकों से जुड़े व्यक्तियों के शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन की व्यवस्था की जाएगी, इसके लिए विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। शहर में सेकंड डोज के लिए व्यक्ति सूचीबद्ध किए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि समस्त बिजनेस का संचालन नियंत्रित ढंग से हो, यह प्रशासन की मंशा है। आप लोग कोविड-अनुकूल व्यवहार का पालन करें और अपना बिजनेस भी संचालित करें। आप कोविड स्प्रेडर नहीं बने। होटल तथा रेस्टोरेंट में अधिकतम रूप से पार्सल व्यवस्थाएं हो। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि अनुमतियों के लिए एक सरल सिस्टम बनाया जाए जिससे आसानी के साथ अनुमति मिल जाए। पत्रिका 8-7-21

पत्रिका 8/7/21

# जिले में अब तक 4 लाख 1 हजार 653 को कोविड वैक्सीन लगी

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में वैक्सीनेशन के तहत अब तक 4 लाख 1 हजार 653 कोविड के वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इसमें से 66 हजार 457 लोगों को कोविड वैक्सीन के दूसरे डोज लगाया जा चुका है।



## ▸ बुधवार को 2474 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया

इसमें हेल्थ केयर वर्कर्स को 13 हजार 212 डोज, फ्रंटलाईन वर्कर्स को 14 हजार 361 डोज, 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 1 लाख 73 हजार 878 डोज, 45 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को 1 लाख 25 हजार 633 डोज, 60 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों को 74 हजार 569 डोज लगाए जा चुके हैं।

शहरी क्षेत्र में 45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत 77.76 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु समूह अंतर्गत 49.65 प्रतिशत लोगों को दूसरा वैक्सीन लगाया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में आयोजित वैक्सीनेशन के दौरान बुधवार को 2474 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया।

## टीकाकरण महाअभियान में 1 लाख 45 हजार 850 का टीकाकरण

कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत 21 जून से 7 जुलाई तक रतलाम जिले में 1लाख 45 हजार 850 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत बुधवार 7 जुलाई को 2474 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ। जिले में अब तक महाअभियान के तहत हुए वैक्सीनेशन में 18 से 44 वर्ष के 1 लाख 671 तथा 45 वर्ष से अधिक के 45 हजार 164 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। अभियान के तहत किए गए वैक्सीनेशन में आलोट विकासखंड के 17 हजार 689, बाजना विकासखंड के 8 हजार 149, सैलाना विकासखंड के 9 हजार 758, जावरा विकासखंड के 21 हजार 255, पिपलोदा विकासखंड के 11 हजार 459, रतलाम ग्रामीण के 23 हजार 101, रतलाम शहर के 54 हजार 439 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है।

## नई पहल : वार्ड 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं के लिए वैक्सीनेशन

रतलाम। कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत रतलाम शहर में गुरुवार को वैक्सीनेशन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। गुरुवार को सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरा डोज सत्र, कोविशिल्ड केवल दूसरा डोज सत्र, कोवेक्सीन दूसरा डोस सत्र तथा वार्ड क्रमांक 33 के 4 मतदान केंद्रों के मतदाताओं हेतु कोविशिल्ड प्रथम डोज सत्र होगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर के नागरिकों से आग्रह किया है कि उक्त व्यवस्था के अनुरूप निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित रूप से टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे शहर में निर्धारित टीकाकरण स्थल पर टीकाकरण हेतु उपस्थित न हों, शहर की व्यवस्था शहर के निवासियों के लिए है। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 33 में मतदान केंद्रवार टीकाकरण करने की प्रायोगिक शुरुआत की जा रही है। गुरुवार को वार्ड क्रमांक 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं का ही टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण स्थल पर बीएलओ भी उपस्थित रहेंगे जो मतदान केंद्र के मतदाताओं का मौके पर ही सत्यापन करेंगे और उसके बाद उनका टीकाकरण किया जाएगा। श्री गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाताओं के अनुसार टीकाकरण की स्थिति को सूचीबद्ध कर लिया गया है इसलिए यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर गुरुवार को की जा रही है। नवभारत

**सामान्य सत्र के लिए 17 स्थान निर्धारित:** सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरे डोस के लिए 17 स्थान निर्धारित है। इनमें रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, साई श्री अकेडमी 80 फिट रोड रत्नपुरी, बोधि स्कूल डोंगरे नगर, आईएमए हाल राजेंद्र नगर, राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, जमातखाना शैरानीपुरा, मांगलिक भवन दिलीप नगर, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, रंगोली गीता मंदिर रोड, कालिका माताधर्मशाला, मोहन टॉकीज, नरसिंह वाटिका सिलावट का वास, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी, सिखवाल समाज धर्मशाला ब्राम्हणों का वास।

**कोविशिल्ड केवल दूसरा डोज सत्र यहां होगा:** कोविशील्ड दूसरा डोस सत्र के लिए चार स्थान निर्धारित है। जिनके पहले टीके को 84 दिवस पूर्ण हो चुके हैं वे कोविशिल्ड दूसरा डोस के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, काश्यप सभागृह सागोद रोड, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम पर वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

**कोवैक्सिंग दूसरा डोस सत्र यहां होगा:** कोवैक्सीन के पहले डोज को अट्ठाईस दिवस पूर्ण होने वाले व्यक्तियों के लिए को वैक्सीन दूसरा डोज सत्र 8 स्थानों पर निर्धारित किया गया है। यह स्थान हैं सरस्वती स्कूल काटजू नगर 1, सरस्वती स्कूल काटजू नगर दो, डीआरपी लाइन आनंद कॉलोनी, श्रम शिविर सभागृह एमपीईबी, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, घटला रेल्वे हॉस्पिटल, जिला न्यायालय, इंडियन ऑयल।

નવભારત 8/7/21

# मिनी स्मार्ट सिटी के स्वीकृत कार्य तेजी से किए जाएं-काश्यप

## निर्देश निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश



**रतलाम ● स्वदेश समाचार** 8-7-21

रतलाम मिनी स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट कक्ष में की गई। इस अवसर पर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा निर्देशित किया गया कि मिनी स्मार्ट सिटी में स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए।

आयोजित बैठक में कहा गया कि कृषि उपज मँण्डी से फव्वारा चौक तक का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए इसके अलावा ठंकाला रोड का कार्य 15 जुलाई तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कॉन्वेंट स्कूल तिराहे से ऑफिसर्स कॉलोनी तलैया तक के सड़क निर्माण कार्य में कॉन्वेंट स्कूल से वन स्टॉप सेन्टर तक 12 मीटर की चौड़ाई नहीं मिलने पर कालिका माता उद्यान व वन स्टॉप सेन्टर के पास वाले उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल अंदर किए जाने हेतु नवीन बाउण्ड्रीवॉल बनाने के कार्य में होने वाला व्यय संबंधित निविदाकार द्वारा वहन किए जाने के निर्देश दिए।

श्री काश्यप ने कहा कि मिनी स्मार्ट सिटी के तहत कॉन्वेंट स्कूल के सामने किए जा रहे डामरीकरण कार्य में स्लोप कार्य सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण दुर्घटना का खतरा है, उसको सुधारा जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्य में लागत ज्यादा है इस हेतु पुनः प्रस्ताव तैयार किया जाए।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि कंसल्टेंसी द्वारा ढिलाई के साथ कार्य किया जा रहा है साथ ही एजेंसी भी ठीक से कार्य नहीं कर रही है। कलेक्टर द्वारा कार्य पर सही मॉनिटरिंग किए जाने हेतु नगर निगम के इंजीनियरों को निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट भवन के सामने चल रहे कार्य की धीमी गति पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए एजेंसी को तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। ठंकाला रोड पर पाइप-लाइन कार्य के दौरान कलेक्टर द्वारा नगर निगम के एक इंजीनियर की पूरे समय तैनाती के निर्देश निगम आयुक्त को दिए गए। बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी तीन सड़क निर्माण कार्य डि-स्कोप किए जा रहे हैं इनमें गुजरात स्वीट से जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक, महाराणा प्रताप चौराहा से जीपीओ रोड तथा शास्त्री नगर मेन रोड सम्मिलित है।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, डिप्टी डायरेक्टर कृषि एवं किसार, एमपीयूडीसी प्रोजेक्ट मैनेजर मिश्रा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण दीपेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री पीएचई, नगर निगम कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री राजेश पाटीदार आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 8/7/21



# पौधे की वैन को पौधे वितरित करने हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप तथा सेवा भारती के तत्वाधान में जिले में 5 हजार से अधिक पौधे लगाकर उनका रख रखाव करने का निर्णय लिया गया है। रतलाम प्रेस क्लब उपाध्यक्ष व फोटो जर्नलिस्ट राकेश पोरवाल ने बताया कि बुधवार को पौधारोपण करने की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पौधे भेंट कर की तथा पौधे की वैन को पौधे वितरित करने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि पौधों को लगाना तो आसान है किंतु उनका रखरखाव मुश्किल है। इसलिए उतने ही पौधे रोप जाने चाहिए जितने पौधों का रखरखाव हो सके। यदि ऐसा करे तो ही पौधारोपण सार्थक है। सेवा भारती जिला अध्यक्ष राकेश मोदी ने कहा कि आओ पेड़ लगाएं हम ग्रुप द्वारा पिछले 2 वर्षों से लगातार पौधारोपण तथा उनका रखरखाव का कार्य किया जा रहा है जो इस वर्ष भी जारी रहेगा।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, अनुज खत्रेड़, राज तिवारी, योगेश वाट, विपुल कुमावत, शीतल पुरोहित, नितिन फलोदिया, योगेश सोनावा आदि मौजूद थे।

# दंपत्ति ने अपने जन्म दिन पर पौधारोपण कर पौधे वितरित किए

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



रत्नेश्वर रोड स्थित शिवधाम परिसर रहवासी दंपत्ति जगदीशचंद्र वर्मा व पुष्पा वर्मा ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पौधारोपण कर पौधे वितरित किए। नीम, तुलसी, पीपल, आंवला सहित कई प्रजातियों के फलदार एवं जड़ी-बूटियों के पौधे वितरण किए गए। वर्मा दंपत्ति ने पौधा वितरण कर रखरखाव का संकल्प लिया। इस अवसर पर जितेंद्र वर्मा, मनीष वर्मा, जय वर्मा, निलेश सोलंकी, सुरेश भाटी, गोपाल वैष्णव, कपिल सेन, मनीष तंवर सहित रहवासी मौजूद थे।

वार्डवार वैक्सीनेशन के लिए भी प्रायोगिक व्यवस्था


# 17 स्थानों पर आज लगेगी पहली और दूसरी डोज, 12 और केंद्र भी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना टीकाकरण महाअभियान में शहर में गुरुवार को वैक्सीनेशन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। गुरुवार को सामान्य सत्र में कोविशील्ड की पहली एवं दूसरी डोज के अलावा कोविशील्ड और कोवैक्सीन की केवल दूसरी डोज के लिए भी केंद्र बनाए गए हैं।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे शहर में निर्धारित टीकाकरण स्थल पर टीकाकरण हेतु उपस्थित न हों, शहर की व्यवस्था शहर के निवासियों के लिए है। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि गुरुवार को वार्ड 33 में मतदान केंद्रवार टीकाकरण करने की प्रायोगिक शुरुआत की जा रही है। यहां चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं का ही टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण स्थल पर बीएलओ भी उपस्थित रहेंगे जो मतदान केंद्र के मतदाताओं का मौके पर ही सत्यापन करेंगे और उसके बाद उनका टीकाकरण किया जाएगा। यदि यह व्यवस्था सफल रहती है तो इसे सभी वार्डों के लिए लागू किया जा सकता है।

**कोविशील्ड की दोनों डोज के लिए ये 17 केंद्र**

गुरुवार को कोविशील्ड प्रथम एवं दूसरी डोज के लिए 17 स्थान निर्धारित हैं। इनमें रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा,




गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, साईं श्री अकेडमी 80 फीट रोड रत्नपुरी, बोधि स्कूल डोंगरे नगर, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, मांगलिक भवन दिलीप नगर, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, रंगोली गीता मंदिर रोड, कालिका माता धर्मशाला, मोहन टाकीज, नरसिंह वाटिका सिलावट का वास, सूरज हाल वेदव्यास कालोनी, सिखवाल समाज धर्मशाला ब्राह्मणों का वास शामिल हैं।

**कोविशील्ड दूसरी डोज के चार केंद्र**

माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, काश्यप सभागृह सागोद रोड, कम्युनिटी हाल अलकापुरी एवं मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम पर पहला डोज लगने के 84 दिन होने पर वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

**कोवैक्सीन दूसरी डोज के आठ केंद्र**

कोवैक्सीन के पहले डोज को 28 पूर्ण होने वाले व्यक्तियों के लिए सरस्वती स्कूल काटजू नगर एक, सरस्वती स्कूल काटजू नगर दो, डीआरपी लाइन आनंद कालोनी, श्रम शिविर सभागृह एनपीईबी, डीआरएम आफिस दो बत्ती, घटला रेलवे हास्पिटल, जिला न्यायालय, इंडियन आयल।

## केवल वार्ड 33 के मतदाताओं के लिए चार केंद्र

वार्ड 33 के मतदाताओं को यहां वैक्सीन लगवाने के लिए मतदाता फोटो परिचय पत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। लायंस हाल- 76, लायंस हाल 77; गुजराती स्कूल - 177 तथा गुजराती स्कूल - 178 पर वैक्सीनेशन होगा। यहां केवल इन मतदान केंद्रों के मतदाता ही कोविशील्ड प्रथम डोज लगवा सकेंगे।

## जिले में अब तक 401653 वैक्सीन लगाई गई

जिले में कोविड वैक्सीनेशन के तहत अब तक 4 लाख 1 हजार 653 वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। इसमें से 66457 को दूसरा डोज लगाया जा चुका है। इसमें हेल्थ केयर वर्कर को 13212 डोज, फ्रंटलाइन वर्कर को 14361 डोज, 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों को 1 लाख 73 हजार 878 डोज, 45 से 60 वर्ष आयु समूह में 1 लाख 25 हजार 633, 60 वर्ष से अधिक आयु में 74 हजार 569 डोज लगाए जा चुके हैं।

नईदुनिया 8/7/21

## गीला और सूखा कचरा अलग-अलग नहीं लिया तो कर्मियों पर होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

8-7-2021

शहर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कचरा संग्रहण किया जाना होगा। ऐसा नहीं करने पर कचरा वाहन ड्राइवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी तथा संबंधित झोन प्रभारी को पद से हटाने व बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दिए किए यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की दोनों पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जाएंगे तथा जब तक पूरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन जमा ना कराएं। निगमायुक्त झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को इसका निर्देश दिया है

दै.भास्कर 8/7/21

## मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1033 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया।

अभियान के तहत 5 जुलाई को सैलाना रोड़, धानमण्डी, नाहरपुरा, माणक चौक आदि क्षेत्रों से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

प्रसारण 8-7-21

प्रसारण 8/7/21

## 95 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन तौलकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। बुधवार को 95 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। इसमें 60800, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20125, काम्पेक्टर गीला कचरा 12205, मैजिक से 2660 किलो कचरा शामिल है।

नईदुनिया 8-7-21

नईदुनिया 8/7/21

## पांच मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 1043 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। बुधवार को काटजूनगर, सुभाष नगर, वेद व्यास कालोनी आदि क्षेत्र से पांच मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नईदुनिया 8/7/21

बुधवार को 2474 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया

# में अब तक 4 लाख 1 हजार 653 कोविड वैक्सीन के डोज लगाए

तलाम

ाम के निर्देशन में
ात अब तक 4
ा के वैक्सीन के
ामें से 66 हजार
वैक्सीन के दूसरे
ामें हेल्थ केयर
डोज, फ्रंटलाईन
डोज, 18 से 44
को 1 लाख 73
60 वर्ष आयु
25 हजार 633
आयु समूह के
डोज लगाए जा

से अधिक आयु
तिशत लोगों को
का है जबकि 45
अंतर्गत 49.65
क्सीन लगाया जा
जित वैक्सीनेशन
2474 लोगों ने

कोविशील्ड का दूसरा वैक्सीन लगवाया।

**टीकाकरण महाअभियान में अब तक हुआ 1 लाख 45 हजार 850 लोगों का वैक्सीनेशन :** कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत 21 जून से 7 जुलाई तक रतलाम जिले में 1लाख 45 हजार 850 लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है। वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत बुधवार 7 जुलाई को 2474 लोगों का वैक्सीनेशन हुआ। जिले में अब तक महाअभियान के तहत हुए वैक्सीनेशन में 18 से 44 वर्ष के 1 लाख 671 तथा 45 वर्ष से अधिक के 45 हजार 164 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। अभियान के तहत किए गए वैक्सीनेशन में आलोट विकासखंड के 17 हजार 689, बाजना विकासखंड के 8 हजार 149, सैलाना विकासखंड के 9 हजार 758, जावरा विकासखंड के 21 हजार 255, पिपलोदा विकासखंड के 11 हजार 459, रतलाम ग्रामीण के 23 हजार 101, रतलाम शहर के 54 हजार 439 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है।

## रतलाम शहर में गुरुवार को वैक्सीनेशन के स्थान निर्धारित

**वार्ड क्रमांक 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं के लिए वैक्सीनेशन के साथ होगी नई पहल**

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत रतलाम शहर में गुरुवार 8 जुलाई को वैक्सीनेशन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। गुरुवार को सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरा डोज सत्र, कोविशिल्ड केवल दूसरा डोज सत्र, कोवैक्सीन दूसरा डोस सत्र तथा वार्ड क्रमांक 33 के 4 मतदान केंद्रों के मतदाताओं हेतु कोविशिल्ड प्रथम डोज सत्र होगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर के नागरिकों से आग्रह किया है कि उक्त व्यवस्था के अनुरूप निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित रूप से टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे शहर में निर्धारित टीकाकरण स्थल पर टीकाकरण हेतु उपस्थित न हों, शहर की व्यवस्था शहर के निवासियों के लिए है। एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 33 में मतदान केंद्रवार टीकाकरण करने की प्रायोगिक शुरुआत की जा रही है। गुरुवार को वार्ड क्रमांक 33 के चार मतदान केंद्रों के मतदाताओं का ही टीकाकरण किया जाएगा।

टीकाकरण स्थल पर बी एल ओ भी उपस्थित रहेंगे जो मतदान केंद्र के मतदाताओं का मौके पर ही सत्यापन करेंगे और उसके बाद उनका टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि यह व्यवस्था सफल रहती है तो इसे आगामी दिनों में भी लागू किया जा सकता है। श्री गहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाताओं के अनुसार टीकाकरण की स्थिति को सूचीबद्ध कर लिया गया है इसलिए यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर गुरुवार को की जा रही है।

**सामान्य सत्र के लिए 17 स्थान निर्धारित :** सामान्य सत्र में कोविशिल्ड प्रथम एवं दूसरे डोस के लिए 17 स्थान निर्धारित है। इनमें रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, साईं श्री अकेडमी 80 फिट रोड रत्नपुरी, बोधि स्कूल डोंगरे नगर, आईएमए हाल राजेंद्र नगर, राधाकृष्ण माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, जमातखाना शैरानीपुरा, मांगलिक भवन दिलीप नगर, ज्वाला पैलेस स्टेशन रोड, रंगोली गीता मंदिर रोड, कालिका माताधर्मशाला, मोहन टॉकीज, नरसिंह वाटिका सिलावट का वास, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी, सिखवाल समाज धर्मशाला ब्राह्मणों का वास।

**कोविशिल्ड केवल दूसरा डोज सत्र यहां होगा :** कोविशील्ड दूसरा डोस सत्र के लिए चार स्थान निर्धारित हैं। जिनके पहले टीके को 84 दिवस पूर्ण हो चुके हैं वे कोविशिल्ड दूसरा डोस के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, काश्यप सभागृह सागोद रोड, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम पर वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

**कोवैक्सिन दूसरा डोस सत्र यहां होगा :** कोवैक्सीन के पहले डोज को अट्ठाईस दिवस पूर्ण होने वाले व्यक्तियों के लिए को वैक्सीन दूसरा डोज सत्र 8 स्थानों पर निर्धारित किया गया है। यह स्थान है सरस्वती स्कूल काटजू नगर 1, सरस्वती स्कूल काटजू नगर दो, डीआरपी लाइन आनंद कॉलोनी, श्रम शिविर सभागृह एमपीईबी, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, भटला रेलवे हॉस्पिटल, जिला न्यायालय ,इंडियन ऑयल।

**केवल वार्ड क्रमांक 33 के मतदाताओं हेतु कोविशिल्ड प्रथम डोज यहां होगा :** केवल वार्ड क्रमांक 33 के मतदाता हेतु चार स्थल निर्धारित किए गए है। यहां वैक्सीन लगवाने के लिए संबंधित का मतदाता फोटो परिचय पत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। यह सत्र लायंस हाल- 76, लायंस हॉल 77, गुजराती स्कूल -177 तथा गुजराती स्कूल -178 पर होगा। यहां केवल इन मतदान के [illegible] के मतदाता ही उपस्थित होकर कोविशिल्ड [illegible] डोज लगवा सकेंगे।

प्रसारण 8/7/21

# कार्यस्थल पर नहीं मिले तो जाएगी नौकरी

8-7-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम प्रशासन ने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने एवं सफाई कार्य के दौरान ड्यूटी में लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर लगाम कसने का एक नया आदेश जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि मानीटरिंग के दौरान जो कार्य स्थल पर काम करते नहीं मिलेंगे, उन्हें उस दिन का वेतन नहीं मिलेगा और नौकरी से हटाया भी जा सकता है। मानीटरिंग वाट्सएप ग्रुप से होगी। इसके लिए सभी विभागों के ग्रुप बन गए हैं, जिसकी कमांड निगम आयुक्त के पास है। यह व्यवस्था सोमवार से लागू भी हो गई है।

इससे पहले सफाई अमले को दोनों शिफ्टों में काम करते हुए फोटो भेजने के लिए भी आदेशित किया गया है। पांच जुलाई से ड्राइवरों और हेल्परों की उपस्थिति की दोहरी व्यवस्था वर्कशाप में लागू की गई है। यहां पर लिपिक द्वारा हाजिरी ली जाने के बाद जोन प्रभारियों द्वारा भी अलग रजिस्टर संधारण हर रोज शाम को 5:30 बजे कचरा वाहन जमा कराते समय वाहन के कुल राउंड की एंट्री एचओ एवं जोनल हेल्थ प्रभारियों द्वारा अनिवार्य रूप से की जाएगी। निर्देश में कहा गया है कि सभी दरोगा अपने वार्ड के सफाई कर्मचारियों का बीट व कार्य क्षेत्र की जानकारी पत्रक में वाट्सएप पर अनिवार्य रूप से भेजें। गलत जानकारी पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी सेवा से हटाए जाएंगे। जल प्रदाय के कर्मचारियों के फील्ड में कार्यरत फोटो, वीडियोज इंजीनियर द्वारा अपलोड किए जाएंगे।

नईदुनिया 8/7/2021